She has, therefore, requested for the grant of leave of Absence from 4th August, 2005 till the end of the current session of the Rajya Sabha.

Does she have the permission of the House for remaining absent from the sittings of the House from 4th August, 2005 till the end of the current session of the Rajya Sabha?

(No hon. Member dissented)

MR. CHAIRMAN: Permission to remain absent is granted.

DISCUSSION ON THE STATEMENT BY PRIME MINISTER REGARDING HIS RECENT OFFICIAL VISIT TO THE UNITED STATES OF AMERICA

श्रीमती सुषमा स्वराज (उत्तरांचल): धन्यवाद सभापति जी। सभापति जी, आज मैं प्रधान मंत्री जी के उस वक्तव्य पर चर्चा करने के लिए खड़ी हुई हूं, जो उन्होंने अपनी अमरीका यात्रा से लौटने के बाद 29 जुलाई, 2005 को इस सदन में दिया था।

सभापति जी, जिस समय प्रधान मंत्री जी यह वक्तव्य पढ़ रहे थे, तो उनके एक-एक शब्द पर कांग्रेस के सांसद मेज़ें थपथपा कर उनका स्वागत कर रहे थे, लेकिन पहली बार एक दृश्य देखने को मिला कि उनके सहयोगी दल इस खुशी में शरीक़ नहीं हो रहे थे। यहां तक कि वाम दल के साथी तो काफ़ी बुझे मन से बैठे थे। सभापति जी, मैं कहना चाहती हूं कि यदि इस वक्तव्य में कही गई बातें हक़ीक़त होतीं और तथ्यों पर आधारित होतीं, तो हम विपक्षी बैंचों में बैठने के बावजूद भी मेज़ें थपथपाते और प्रधान मंत्री जी का स्वागत करते। काश ऐसा हुआ होता, लेकिन ऐसा हुआ नहीं।

सभापति जी, यह जो वक्तव्य प्रधान मंत्री जी ने दिया, यह उस समझौते के बारे में दिया है, जिस समझौते पर उन्होंने 18 जुलाई को राष्ट्रपति श्री जॉर्ज बुश के साथ हस्ताक्षर किए थे और उसी समझौते की व्याख्या करते हुए यह वक्तव्य उन्होंने दिया है, लेकिन इसी समझौते की एक व्याख्या अमरीका में भी की गई। मैं प्रारम्भ में एक सच्चाई को स्वीकार करना चाहूंगी, प्रधान मंत्री जी, यदि इस समझौते की हमारी समझ और अमरीका की समझ एक-सी होती, समान होती, तो शायद विवाद की कोई गुंजाइश नहीं थी, लेकिन दुर्भाग्य की बात यह है कि जो व्याख्या आपने की है, अमरीका की व्याख्या उससे मेल नहीं खा रही और अमरीका की व्याख्या किसी ऐरे-गैरे ने नहीं की है, किसी छोटे अधिकारी ने नहीं की है, उनके विदेश उपमंत्री - निकोलस बर्न ने की है, जो कौंडलीसा राइस के डेपुटी हैं और इस समझौते को कराने में बहुत करीब से जुड़े रहे हैं और इसमें उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

सभापति जी, 18 जुलाई को यह समझौता हुआ और 19 जुलाई को, 24 घंटे के भीतर उन्होंने एक संवाददाता सम्मेलन बुलाकर उस संवाददाता सम्मेलन को सम्बोधित किया। उस संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने क्या कहा, उसकी पूरी प्रति मेरे पास है, मैं केवल उसकी चार लाइनें पढ़ना चाहूंगी कि वे इस समझौते के बारे में अपने देश में क्या समझ बता रहे हैं। श्री निकालस बर्न ने कहा,

"What was significant about yesterday's agreement is that India committed itself in public, very specifically, to a series of actions to which it had not previously committed itself. Actions whih will, in effect, in *de facto* sense, have India agreeing to the same measures that most of the NPT States *have agreed to.*" यह निकोलस बर्न का स्टेटमेंट है और यह इस समझौते के बारे में अमरीका की अधिकृत समझ है, ऑफिशियल अंडरस्टेंडिंग है। हमारे यहा निजी चर्चाओं में यह कहा जा रहा है कि अगर एन.डब्ल्यू.ए. स्टेटस नहीं मिला तो क्या है, शब्द पर मत जाइए, हमें वह सब हासिल हो गया जो न्यूक्लियर वैपन स्टेट्स को मिलता है और वहीं निकोलस बर्न निजी चर्चाओं में ही नहीं, सार्वजनिक तौर पर कह रहे हैं कि एन.पी.टी. के शब्दों पर मत जाइए, भारत ने वह सब कुछ मान लिया है जो एन.पी.टी. के देश मानते हैं, यानी हम जिसे डीफेक्टो न्यूक्लिर वैपन्स स्टेट का दर्जा मान रहे हैं, उसे वे डीफेक्टो एन.पी.टी. की स्वीकार्यता मान रहे हैं। प्रधान मंत्री जी, यह जो समझ का बुनियादी अंतर है, हमारी सारी चिंताएं इसमें से उपज रही हैं, हमारी सारी आपत्तियां इसमे से निकल रही हैं और इसलिए मैं सबसे पहले उस समझौते के उन पैराग्राफ्स को को पढ़ना चाहूंगी, ताकि सदन को यह बता सकूं कि इस समझौते में हमने दिया क्या और पाया क्या।

सभापति जी, मेरे पास उस समझौते की प्रति है। यह वह समझौता है, जिस पर प्रधान मंत्री मनमोहन सिंह एवं राष्ट्रपति बुश ने हस्ताक्षर किए इसके पृष्ठ दो के अंतिम दो पैराग्राफ्स में उन तमाम बातों का जिक्र है, जो हमने मानी और जो उन्होंने मानी। यह अंग्रेजी में है, पूरे का पूरा अंग्रेजी में पढ़ने के बजाय में बहुत ही सादी, सरल हिन्दी में आपके माध्यम से सदन को बताना चाहती हूं कि हमने क्या माना और उन्होंने क्या माना।

सभापति जी, हमने माना कि हम अपने सिविल न्यक्लियर और मिलिट्री न्यूक्लियर प्रोग्राम के बीच में सैपरेशन कर लेंगे, अर्थात् सामरिक व गैर-सामरिक जो परमाणु कार्यक्रम देश में चल रहा है, उसे चरणबद्ध तरीके से अलग-अलग कर लेंगे। दूसरी बात हमने क्या मानी, हम आई॰ए॰ई॰ए॰, इंटरनैशनल आटॉमिक एनर्जी एजेंसी के समाने एक डिक्लेयरेशन फाइल करेंगे। हमने तीसरी बात क्या मानी कि हम अपनी सारी सिविल न्यूक्लीअर फैसिलिटीज़ को आई॰ए॰ई॰ए॰ के सामने मॉनिटरिंग और इंस्पेक्शन-निगरानी और निरीक्षण के लिए रख देंगे। हमने चौथी बात क्या मानी कि हम एक और एडिशनल प्रौटोकॉल पर हस्ताक्षर करेंगे और उस पर पूरी तरह अमल भी करेंगे। हमने पांचवी क्या चीज़ मानी कि जो यूनिलेट्रल मोरेटेरियम जो एक एकतरफा प्रतिबंध हमारे न्यूक्लिअर टैस्ट पर चल रहा है उसको हम जारी रखेंगे। हमने छटी चीज क्या मानी कि NSG यानी न्यूक्लीआर सप्लार्यज़ ग्रुप और एम॰टी॰सी॰आर॰-मिसाइल टेक्नालॉजी कंट्रोल रिजीम के मेंबर तो नहीं हैं लेकिन बिना सदस्य बने, हम उनके सारे नियमों का पालन करेंगे। हमने सातवीं चीज क्या मानी - कि मल्टीनेशनल एफ॰एम॰सी॰टी॰-फिसाइल मेटीरियल कट आफ ट्रीटी को यू॰एस॰ के साथ मिलकर कन्क्लूड करेंगे, अमेरिका के साथ मिलकर कन्क्लूड करेंगे। ये सात चीजें हमने इसमें मानी।

अमेरिका ने क्या माना? अमेरिका ने माना कि वह अमेरिका के स्थानीय कानून और नीतियों में संशोधन करने का प्रस्ताव वहां की संसद यानी अमेरिकन कांग्रेस के पास ले जाएंगे। दूसरा क्या माना कि भारत के साथ व्यापार करने के लिए और भारत को सिविल न्यूक्लिअर कार्यक्रम में सहयोग देने के लिए मित्र देश भी आगे बढ़ें, इसके लिए मित्र देशों से बात करेंगे। तीसरी चीज क्या मानी कि भारत आई॰टी॰ई॰आर॰ में बहुत रुचि दिखाता है, भारत आई॰टी॰ई॰आर॰ में योगदान देने का इच्छुक है, इसलिए वह अपने सहयोगियों से बात करेंगे और हमारी इच्छा उनके सामने रखेंगे और चौथी चीज क्या मानी? चौथी चीज उन्होंने मानी कि भारत जेनिरेशन फॉर इंटरनेशनल फोरम का सदस्य बनने का इच्छुक है, तो इस इच्छा के बारे में विचार किया जाए, विचारार्थ वे अपने सहयोगियों से सलाह करेंगे। प्रधान मंत्री जी, अगर मैं गलत हूं तो मुझे यही बता दीजिए, ये सात चीजें हमने उनके सामने मानी, चार उन्होंने मानी। मैं आज भी अभी भी अपने तथ्य ठीक करने के लिए तैयार हूं अगर इसके अलावा हमने कुछ माना या हमने कुछ पाया। इन शर्तों का दुष्परिणाम क्या होगा, यह तो मैं बाद में बात करूंगी, पहले केवल शब्दों की बात कर रही हूं। मैंने जो 7 चीजें अपनी गिनाईं उन सबके पीछे क्या था-हम करेंगे,, करेंगे, करेंगे। और उनकी जो चार चीजें मैंने गिनाई उनमें क्या था? हम संसद के सामने जाएंगे और संसद नहीं मानी तो वे कुछ नहीं करेंगे। वे मित्र देशों से बात करेंगे, अगर मित्र देश नहीं माने तो वे कुछ नहीं करेंगे। वे हमारी इच्छा सहयोगी देशों के सामने रखेंगे और वह इच्छा अगर उन्होंने ठुकरा दी तो वे कुछ नहीं करेंगे। हमें आई॰टी॰ई॰आर॰ का मैम्बर बनाने के लिए वे पैरवी करेंगे, अगर वह पैरवी उनके पार्टनर्स ने नहीं मानी तो वे कुछ नहीं करेंगे यह है मोटा-मोटा समझौता। हार्ड कैश के बदले प्रॉमिसरी नोट लेकर आए हैं हम और प्रॉमिसरी नोट भी उस व्यक्ति ने साइन नहीं किया जो उसे अदा करेगा, बल्कि उस व्यक्ति ने साइन किया है जो दूसरों से अदा करवाने का प्रयास करेगा, वे कोशिश करेंगे, वे प्रयत्न करेंगे, वे सलाह करेंगे, वे विचार-विमर्श करेंगे। जब हम यह बात कहते हैं कि हार्ड कैश के बदले आप प्रॉमिसरी नोट लेकर चले आए और यहां आकर खुशी मना रहे हैं, गाना गा रहे है कि बहुत कुछ हासिल करके आ गए, तो हमें कहा जाता है कि आगे पढ़िए, उसमें एक रेसिप्रोसिटी क्लॉज भी है। हमने यह सारी चीजें मानी तो हैं मगर रेसिप्रोकल तरीके पर मानी हैं। वे करेंगे तो हम करेंगे, अगर वे नहीं करेंगे तो हम नहीं करेंगे, यह कहा जाता है। तो सभापति जी, रेसिप्रोसिटी क्लॉज देख लेते हैं रेसिप्रोसिटी के बारे में भी अगर हमारी और अमेरिका की समझ एक होती तो शायद मुझे गुरेज नहीं होता, लेकिन रेसिप्रोसिटी के बारे में जब निकोलस बर्न से पूछा गया तो उसी संवाददाता सम्मेलन में निकोलस बर्न ने कहा कि "The Agreement will not be put into effect tomorrow morning. It is going to take a series of impiementation commitments—it will have to be implemented by the Indian Government and then we will have to seek these changes from the Congress." आप इसे रेसीप्रोसिटी कहते हैं? सार्वजनिक तौर पर निकोलस बर्न यह कहते हैं कि पहले भारत सरकार यह कमिटमेंट करेगी, उसके बाद हम संसद के पास जायेंगे और यह केवल वह नहीं कहते, जो प्रधान मंत्री जी ने स्टेटमेंट दी है, मैं उसमें से एक

वाक्य पढ़कर सुनाती हूं। यह 29 जुलाई का स्टेटमेंट है। यह प्रधान मंत्री जी स्वयं कह रहे हैं। "We shall undertake the same responsiblities and obligations as such countries, including the United States, concommitantly we expect the same rights and benefits.

सभापति जी, अगर अंडरटेकिंग के बदले में एक्सपेक्टेशन रेसीप्रोसिटी होती है, तो प्रधान मंत्री जी को मुबारकवाद। मुझे नहीं मालूम, मेरा तो अंग्रेजी का ज्ञान बहुत सीमित है, उनके बराबर तो मैं मुकाबला कर ही नहीं सकती, उन्हें अंग्रेजी का, अर्थ-शास्त्र का सबका ज्ञान है। लेकिन शायद इतनी भर अंग्रेजी तो मुझे ज़रूर आती है कि अंडरटेकिंग के बदले में एक्सपेक्टेशन, कमिटमेंट के बदले में प्रोमिसेज़ और एग्रीमेंट के बदले में पॉसेबिलिटी, यह कम से कम रेसीप्रोसिटी की परिधि में नहीं आता है। आप शब्द की बात कहते हैं। सभापति जी, सारी की सारी कूटनीति शब्दों पर चलती है। डिप्लोमेसी तो नाम ही nuances का है। एक-एक कौमा, फुल स्टॉप कहां लगे, इसके लिए डिप्लोमेट्स घंटों बिता देते हैं हमारे समय में भी बहुत समझौते हुए, अमेरिका के साथ भी हुए, संयोग से वे दोनों विदेश मंत्री आज सदन में बैठे हैं, जिनके कार्यकाल में हुए। क्लिंटन-वाजपेयी विजन स्टेटमेंट सन् 2000 में जारी हुआ, जब जसवन्त सिंह जी विदेश मंत्री थे, एक एनएसएसपी, नेक्स्ट स्टेप टू स्ट्रेटजिक पार्टनरशिप, यशवंत सिन्हा जी के समय में जनवरी, 2004 में जारी हुआ, जब वे विदेश मंत्री थे। लेकिन हमने क्या लिखा, हमने जो शब्द चयन किया, हमने शब्द चयन किया, multilateral FMCT के बारे में, "we will work together" और जो मनमोहन सिंह जी, बुश के साथ समझौता करके आये, उसमें क्या लिखकर आये हैं. "We will work with the United States." मैं पढ़कर बताती हूं। हमने लिखा, "We will work together for early announcement of initiatives on a treaty to end the production of fissile materials for nuclear weapons." और बुश जी के साथ डा॰ मनमोहन सिंह जी क्या लिखकर आये हैं, "We will work with the U.S. for the conclusion of a multilateral FMCT." क्या वर्क विद यू.एस. और वर्किंग टूगेदर का एक अर्थ होता है? सभापति जी, वर्किंग टूगेदर में कामरेडरी की भावना है, पैरिटी की भावना है और वर्क विद यू.एस. में सबमीशन और सबोर्डिनेशन की भावना है। आप एक धरातल पर खड़े होकर कहते हैं कि हम साथ-साथ काम करेंगे, एक दूसरे के कामरेडरी और एक दूसरे की पैरिटी आप स्वीकार करते हैं। यह हमारे समय में लिखा गया, उसी अमेरिका के राष्ट्रपति क्लिंटन की यहां की वर्ष 2000 की विजिट में, जो क्लिंटन-वाजपेयी स्टेटमेंट जारी हुआ, उसमें हमने कहा, वी विल वर्क टूगेदर और आप लिखकर आये हैं, वी विल वर्क विद यू.एस.। मैं आपको बताऊं कि इसका दुष्परिणाम क्या होगा, यह आपने शायद उस समय समझा नहीं। यह इतनी बड़ी भयंकर भूल आप करके आये हैं, जो इतिहास में आपके नाम से दर्ज होगी। ...(व्यवधान)... मैं बताती हूं। आप शोर नहीं मचाइए, आप सुनिये, मैं आपको बताती हूं। यह वही भूल है, जैसी भूल पंडित नेहरू ने की थी, जैसी भूल पंडित नेहरू ने कश्मीर का मसला यू.एन. में ले जाने की थी, यह वैसी ही भूल है। ...(व्यवधान)...

श्री मोती लाल वोरा (छत्तीसगढ़): कोई भूल नहीं थी।

श्रीमती सुषमा स्वराज: उन्होंने उस समय समझा था कि यू.एन. एक बड़ा फेयर प्लेयर होगा, इसलिए वह कश्मीर के मसले को युनाइटेड नेशन में ले गये, उसका खामियाजा हम आज तक भुगत रहे हैं। आज मनमोहन सिंह जी यह समझ गये कि यू.एस.यू.एन. का सबसिट्यूट हो सकता है। यह एफएमसीटी क्या है, Conference on Disarmament at Geneva का यह इश्यु है। अंतर्राष्ट्रीय जगत का यह इश्यु है, इसीलिए मल्टीलेटरल एफएमसीटी की बात थी, एक मल्टीलेटरल चीज को आप बाई-लेटरली करके आ गये। आप यू.एन. की भूमिका से उसको यू.एस. की भूमिका तक ले गये। सभापति जी, सच्चाई तो यह है कि अपेक्षाओं, वायदों और सम्भावनाओं से भरा हुआ यह समझौता राष्ट्रहित के पूरी तरह खिलाफ है और यह बात मैं नहीं कह रही हूं। मेरे लिए तो वह कहेंगे कि आप विपक्षी बैंचों पर बैठी हैं, इसलिए आपको तो यह बात कहनी है, विरोध के लिए तो विरोध करना ही है। यह बात भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर के फॉरमर डायरेक्टर ए॰एन॰ प्रसाद ने कही है। यह निजी चर्चा में नहीं, सार्वजनिक तौर पर कही है। सिद्धार्थ वर्धराजन एक पत्रकार हैं, उन्होंने उनसे बात की और उसके आधार पर एक राइट अप लिखा। डा॰ एन॰ प्रसाद ने क्या कहा है, मैं सिर्फ चार लाइनें पढ़कर बताती हूं। "I shudder to think how we could have conceded such a thing", Dr. A.N. Prasad, the former Director of BARC told this writer. "It is totally against the national interest". "India", he said, "would now face the prospect of its capital FDI programme being undermined and the cost of its nuclear programme dramatically escalated". सभापति जी, डा॰ प्रसाद ने यह बात भावावेश में नहीं बोल दी, वे इस प्रोग्राम से जुड़े रहे हैं। एक आणविक समझौते पर एक परमाणु वैज्ञानिक से बेहतर और प्रमाणिकता से कौन व्यक्ति बोल सकता है? जो बारीकियां हम नहीं समझते, वे डा॰ प्रसाद समझते हैं। उन्होंने जो यह बात कही है, वह इसलिए कही है क्योंकि वे जानते हैं कि हमारा आणविक हथियार कार्यक्रम हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा हुआ है। सभापति जी, हमारे दोनों तरफ ऐसे देश हैं - चीन और पाकिस्तान - जिनसे अतीत में हम युद्ध लड़ चुके हैं। आज युग बदल रहा है। हम शांति वार्ता की पहल कर रहे हैं। हम चाहते हैं कि पड़ौसी देश से रिश्ते अच्छे हों। हमने पहल की, अटल बिहारी वाजपेयी जी चाइना होकर आए, पाकिस्तान से भी उन्होंने बार-बार, असफल होने के बावजूद भी वार्ताएं जारी रखीं लेकिन वह अतीत हमें सावधानी बरतने के लिए चेतावनी देता है और यह उसी सावधानी का तकाजा है, यह उसी सतर्कता का तकाज़ा है कि हमारा सुरक्षा कवच किसी भी तरह से ढीला नहीं होना चाहिए और उसी सुरक्षा कवच को मजबूत करने के लिए 1998 में अटल बिहारी वाजपेयी जी ने पहल की थी 1974 में श्रीमती गांधी ने क्रूड ऐक्सप्लोसिव टेस्ट करवाया जो पोखरन-वन के नाम से जाना जाता हैं वह कार्यक्रम आगे नहीं बढ़ा, मैं आज बिल्कुल उन डिटेल्स, उन तफसीलात् में नहीं जाना चाहती कि वह आगे क्यों नहीं बढ़ा लेकिन इतना जरूर कहना चाहती हूं कि 1998 तक इतना आगे बढ़ गया था कि हमारे वैज्ञानिकों ने क्षमता जुटा ली थी। हां, परमाणु विस्फोट करने की अनुमति उन्हें नहीं मिल पर रही थी। लेकिन आज गर्व से, माथा ऊंचा करके इस सदन में खड़े होकर कह सकती हूं कि जब एनडीए की सरकार

आयी और श्री अटल बिहारी वाजपेयी प्रधान मंत्री बने, चंद सप्ताह के भीतर उन्होंने वह फाइल क्लीयर की थी। ....(व्यवधान).... उन्होंने पोखरन विस्फोट की अनुमति दी थी। सभापति जी, अटल बिहारी वाजपेयी जी ने पोखरन विस्फोट की अनुमति इसलिए नहीं दी थी कि वे शांति में यकीन नहीं करते, इसलिए नहीं दी थी कि वे हिंसा के पक्षधर हैं, इसलिए नहीं दी थी कि वे देश को युद्ध की भट्ठी में झोंकना चाहते हैं बल्कि इसलिए दी थी कि वे जानते थे कि शांति की स्थापना के लिए शक्ति का संचय जरूरी होता है। राष्ट्रकवि दिनकर ने कहा था, ''कुरूक्षेत्र उनकी बहुत बड़ी रचना है और ये उनकी बहुत चर्चित लाइने हैं। उन्होंने कहा था:

क्षमा शोभति उस भुजंग को जिसके पास गरल हो,
उसको क्या जो दंतहीन, विषरहित, विनीत सरल हो।

अगर आप शक्ति का संचय करके बात करते हैं तो लोग समानता से बात करते हैं लेकिन अगर आपके पास शक्ति नहीं होती तो दूसरे आपको कमजोर समझते हैं। इसलिए यह कार्यक्रम किया गया था, इसलिए 1998 में इस कार्यक्रम को उन्होंने अनुमति दी थी लेकिन उस कार्यक्रम को अनुमति देने के बाद आज जब प्रधान मंत्री वहां गए तो हम लोगों को लगता था – क्योंकि वे कहकर गए थे कि मैं सेंसटाइज़ करने जा रहा हूं। हमें लग रहा था कि वे सेंसटाइज़ करके आएंगे कि हमारी भौगोलिक परिस्थिति समझिए, हमारे अतीत को देखिए और हमारा न्यूक्लियर में जिम्मेदाराना रिकॉर्ड देखिए। क्योंकि श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने यह बात पोखरन विस्फोट करवाने के बावजूद कही थी, हम पहला वार नहीं करेंगे। हम किसी भी गैर परमाणु सम्पन्न राष्ट्र पर वार नहीं करेंगे। यह बात भारतीय संस्कृति के युद्ध के नियमों से मेल खाती है। हमारे युद्ध के नियमों में लिखा है, हम कभी निहत्थे पर वार नहीं करते और शस्त्रधारी के साथ लड़ाई लड़ते हैं और उसका शस्त्र गिर जाता है तो शस्त्रधारी अपना शस्त्र गिराकर लड़ता है – ये हैं भारतीय संस्कृति के युद्ध के नियम। किसके तहत ये दो घोषणाएं उन्होंने की थीं? हमने देश को परमाणु शक्ति सम्पन्न राष्ट्र बनाया था लेकिन पूरी जिम्मेदारी से। हमें लगता था कि वे सेंसटाइज़ करके आएंगे तो न्यूक्लियर वैपन स्टेट का दर्जा भी लेकर आएंगे। लेकिन वे तो स्वयं डीसेंसटाइज़ होकर आ गए। वे तो वहां जाकर भूल गए कि राष्ट्र के हित की जरूरत क्या है, देश की सुरक्षा की आवश्यकता क्या हैं। पहले दिन खबर आयी थी, पता नहीं आपने वह पढ़ी या नहीं कि भारत को अमेरिका ने परमाणु सम्पन्न राष्ट्र का दर्जा दे दिया है। सच मानिए, बहुत खुशी हुई थी, बहुत ज्यादा खुशी हुई थी। प्रधानमंत्री जी ने इतनी बड़ी चीज हासिल कर ली, पलकें बिछाकर उनका स्वागत करेंगे। लेकिन अगले ही दिन अमेरिका की तरफ से क्लेरिफिकेशन आ गया, जिसमें उन्होंने कहा कि हमने उनको न्यूक्लियर वैपन स्टेट नहीं माना। हमने तो उनको माना है, a responsible State with advanced nuclear technology. मेरी समझ में नहीं आया कि यह क्या है? मैंने फोन उठाया और जसवन्त सिंह जी को घुमाया। जसवन्त सिंह जी, मैं न्यूक्लियर वैपन स्टेट तो जानती हूं, लेकिन ये responsible State with advanced nuclear technology क्या होता है? इससे हमें क्या अधिकार मिले हैं? जैसा उनका स्वभाव है,

उन्होंने कहा कि अधिकार तो मिले हैं। मैंने कहा कि क्या मिले हैं? बोले कि जिस कमरे में न्यूक्लियर वैपन स्टेट्स की मीटिंग हो रही होगी, वहां बरामदे में बैठने का अधिकार आपको मिल जाएगा। मैंने कहा कि आप क्या कह रहे हैं? उन्होंने कहा कि ठीक ही तो कह रहा हूं, क्योंकि तुम अधिकार पूछ रही हो। तो बरामदे में बैठने का अधिकार होगा, मगर कमरे में झांकने की इजाजत नहीं होगी। जब हम पूछते हैं कि आप ऐसा क्यों करके आए? तो कहा जाता है कि हमारे पास minimum credible nuclear deterrent है क्या हर्ज है, अगर ईंधन के लिए, सिविल कार्यक्रम के लिए ये कमिटमेंट्स कर भी दिए जाएं तो इसमें परहेज क्या है? हमें यह कहा जाता है, यह बताया जाता है। सभापति जी, minimum credible nuclear deterrent एक रिलेटिव टर्म है। आपके हाथ में लाठी है तो मेरे हाथ की लाठी deterrent है। आपके हाथ में पिस्तौल है तो मेरे हाथ की बंदूक deterrent है, adequate deterrent है। लेकिन अगर आपके हाथ में एके-47 है तो मेरी 303 की रॉयफल deterrent नहीं है। आज हम पुलिस मॉडर्नाइजेशन पर हजारों करोड़ रुपया क्यों खर्च रहे हैं? क्योंकि हमारी सारी पुलिस फोर्स के पास 303 की राइफलें थीं, लेकिन जब आतंकवादी एके-47 लेकर आए,

[श्री उपसभापति पीठासीन हुए]

पहले कारबाइन लेकर आए, तो हम लोगों ने कहा कि नहीं, बदलिए ये राइफलें और इनको कारबाइन दीजिए। इनको कारबाइन से लैस कर दें। जब वे एके-47 ले आए तो हमने कहा कि जितने मर्जी करोड़ रुपया लग जाए, हमारे लोगों को, हमारी पैरा मिलिट्री फोर्सेज को एके-47 दीजिए। आज आतंकवादी एके-97 लेकर आ रहे हैं, तो हम कह रहे हैं कि एके-47 को बदलकर एके-97 करिए। हथियारों में आउट डेटिड, ऑब्सोलीट ये टर्म्स होती हैं, ये रेलेवेंट होती हैं। आप कहते हैं कि मिनिमम क्रेडिबल न्युक्लियर डेटेरेंट है। इसलिए आपको कोई भी कमिटमेंट कर देने से कोई गुरेज नहीं है। आप क्या कमिटमेंट करके आए हैं? मैंने कहा था कि इन शर्तों के, इन कमिटमेंट्स के दुष्परिणाम, मैं बताऊंगी। आप पहला कमिटमेंट करके आए हैं कि आप अपने सिविल और न्युक्लियर मिलिट्री प्रोग्राम को अलग-अलग कर दें। क्या यह इतना आसान होगा, कर पाएंगे आप, यह डा॰ प्रसाद से ज्यादा तो इसको कोई नहीं जानता। वे स्वयं अणु वैज्ञानिक हैं। मैं डा॰ प्रसाद का एक कोट पढ़कर सुनाती हूं, जो उन्होंने इस सेप्रेशन के बारे में कहा है, "Today, the Indian deterrent is maintained by incremental efforts for existing civilian nuclear facilities around the country and not just the two research reactors at BARC, Dhruva and Cirus. We produce what we need for the military programme at any given time and leave the rest for the civilian use. Having dedicated facilities will terribly raise the cost of the weapons' programme" उन्होंने यह कहा है। हमारा सिविलियन और मिलिट्री प्रोग्राम इतना इंटर लिंक्ड है, इतना ज्यादा इंटर लिंक्ड है, अगर मैं कहूं कि वह मां और बच्चे की नाल की तरह umbilical cord की तरह जुड़ा है, तो वह गलत नहीं होगा। आप जो फ्यूल सिविलियन फैसेलिटी में डालते हैं, उसके वेस्ट से आप

मिलिट्री प्रोग्राम चलाते हैं। आपके जो साइंटिस्ट सिविलियन क्षेत्र में काम करते हैं, वही साइंटिस्ट मिलिट्री में काम करते हैं। दो प्रोग्राम अलग-अलग नहीं हैं। मैंने जसवन्त सिंह जी से पूछा था कि क्या हम इसको अलग कर सकते हैं, तो उन्होंने कहा कि eventually अलग कर पाएंगे। eventually तो umbilical cord भी टूटती है, उपसभापति जी, लेकिन कब टूटती है? जब बालक गर्भ में 9 माह का हो जाता है। जब वह स्वयं खाने-पीने लगता है। उस समय स्वयं डाक्टर आकर तोड़ता है umbilical cord को, और अलग-अलग करता है मां और बच्चे को। लेकिन अगर कोई आकर के कहे कि दबाव में यह umbilical cord काट दो तो बच्चा तो मरता ही है साथ में मां को भी खतरा पैदा हो जाता है आपने eventually की बात नहीं की है, आपने डेड लाइन सैट कर दी है। आपने कहा है कि इन कमिटमेंट्स का रिव्यू तब होगा जब प्रेजिडेंट बुश यहां आएंगे। प्रेजिडेंट बुश 2006 में यहां आएंगे, मगर दिसम्बर 2006 में नहीं आएंगे। उनकी यात्रा की जो तारीखें तय हो रही हैं वे जनवरी से मार्च के बीच तय हो रही हैं। अगर मैं मार्च भी लेकर चलूँ तो कितने महीने हैं आपके पास? अगस्त में हम खड़े हैं, सितम्बर, अक्तूबर, नवम्बर, दिसम्बर, जनवरी और फरवरी। अगर वे जनवरी में आ गए तो केवल चार महीने? क्या इतने प्रेशर में आप इस सिविल मिलिट्री प्रोग्राम को अलग कर पाएंगे? निकोलस बर्न ने पहले ही कह दिया और कल फिर एक अखबार में दोहरा दिया कि पहले आप कमिटमेंट पूरी कीजिए, फिर हम संसद के पास जाएंगे। उनका कहना स्वाभाविक भी है, क्योंकि अमरीकी संसद ऐसे ही पास नहीं कर देती। वह पूछेगी, बताइए, भारत सरकार ने कितनी कमिटमेंट पूरी की। तब तो वह संसद में प्रस्ताव स्वीकार करने के लिए लेगी, उस पर सहमति देगी कि नहीं इस पर तो सवालिया निशान लग रहा है। आपने तो डेड लाइन सेट कर दी और कह दिया कि आप इसे उस समय रिव्यू करेंगे, जिस समय राष्ट्रपति बुश आ रहे हैं। लेकिन निकोलस बर्न खुद सितम्बर में आ रहे हैं, सितम्बर में आकर वे आपसे पूछेंगे कि आने के बाद आपने कितनी प्रगति की। सेपरेशन का यह जो प्रोग्राम आप मानकर आए हैं, यह हमारे पूरे मिलिट्री प्रोग्राम को धराशायी कर देगा, ध्वस्त कर देगा।

दूसरी बात आपने मान ली, वह यह कि आप आई॰ए॰ई॰ए॰ के सामने अपनी सारी सिविल न्यूक्लियर फेसिलिटीज मोनिटरिंग और निरीक्षण के लिए रख देंगे। उपसभापति जी, फेसिलिटीज का मतलब केवल रिएक्टर नहीं है। आपको मालूम है निगरानी और निरीक्षण किसका होगा। वे पूरे सिविल न्युक्लियर फ्यूल साइकल की मोनिटरिंग करेंगे। जो यूरेनियम माइन्स से शुरू होता है और न्यूक्लियर रिएक्टर तक पहुंचता है, वे यूरेनियम माइन्स की इंस्पेक्शन करेंगे, फ्यूल फेब्रिकेशन प्लान्टस का निरीक्षण करेंगे, स्पेंट फ्यूल स्टोरेज की इंस्पेक्शन करेंगे, न्युक्लियर रिएक्टर्स की इंस्पेक्शन करेंगे। मैं पूछना चाहती हूं, हमारे यहां जो पंद्रह रिएक्टर्स हैं, उनमें से पांच ऑलरेडी आई॰ए॰ई॰ए॰ के सेफगार्ड्स में हैं, आप तय कर लेते कि जो बाकी के भविष्य में लगेंगे, अमरीका की मदद से लगेंगे, उनको हम आई॰ए॰ई॰ए॰ के सेफगार्ड्स में डाल देंगे, लेकिन बाकी के दस रिएक्टर्स, जिनमें अमरीका का धेला नहीं लगा, जिसमें अमरीका की राई, रत्ती तकनीक नहीं लगी, वह हमारे वैज्ञानिकों की जमा पूंजी है, उनकी बौद्धिक संपदा है, आप उस जमा पूंजी को क्यों गिरवी

रख आए? आप हमारे वैज्ञानिकों का किया धरा क्यों पानी कर आए? आपने यह शर्त कैसे मान ली? फिर आपने मान लिया कि आप एडीशनल प्रोटोकॉल साइन करेंगे। क्या है यह एडीशनल प्रोटोकॉल? आपने खुलासा नहीं किया हैं आपने कहा कि मानेंगे भी, साइन भी करेंगे, एडहियर टू, अमल भी करेंगे। उस एडीशनल प्रोटोकॉल के प्रावधान क्या होंगे? अगर यह एडीशनल प्रोटोकॉल मॉडल प्रोटोकॉल होने वाला है तो मैं आपके माध्यम से सदन को चेतावनी देना चाहती हूं कि बहुत भयंकर प्रावधान मॉडल प्रोटोकॉल के हैं। आप जानते हैं मॉडल प्रोटोकॉल सिविल और मिलिट्री के बीच में एक फायर वॉल खड़ी करता है। वह यह कहता है कि आप मैटीरियल तो छोड़िए, अपना ह्यूमन रिसोर्स भी ट्रांसफर नहीं कर सकते। यानी अगर आपके सिविल न्युक्लियर फेसिलिटी पर कोई एक तकनीशियन, कोई इंजीनियर आज काम कर रहा है और आप चाहें कि कल उसका तबादला करके आप मिलिट्री में भेज दें तो आप नहीं भेज सकते। आप वह भी नहीं भेज सकते हैं। क्या आप ऐसा मॉडल प्रोटोकॉल साइन करेंगे? जब बुश ने यह गुंजाइश रख ली थी कि मैं संसद में जाऊंगा, संसद से पूछूंगा तो आप यह गुंजाइश क्यों नहीं रख पाए? भारत विश्व का इतना बड़ा लोकतंत्र है, भारत संसदीय जनतंत्र का प्रतीक है, आप भी कहते कि मैं अपनी संसद से पूछूंगा। संसद का सत्र होने वाला था। आप यहां वापस आए, 18 तारीख को आपने साइन किया, 25 से संसद का सत्र शुरू हो गया। उन्होंने अपनी संसद की मर्यादा रख ली, लेकिन आप संसद छोड़िए, आप अपने कैबिनेट से भी पूछकर नहीं गए। बताइए, क्या आपने कैबिनेट की मीटिंग बुलाई थी और यह चर्चा की थी? क्या आपने सी॰सी॰एस॰ (केबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी) की मीटिंग बुलाई थी, यह उसमें चर्चा की थी? क्या आपने सी॰सी॰पी॰ए॰ (केबिनेट कमेटी ऑन पोलिटिकल अफेयर्स) की मीटिंग बुलाई थी, उसमें चर्चा की थी? क्या आपने वरिष्ठ सहयोगियों से चर्चा की थी? मेरी तो जानकारी है कि आपने अपने वरिष्ठ सहयोगियों से भी बात नहीं की। क्या आपने घटक दलों से बात की थी? आपने अपने सहयोगी दलों तक से बात नहीं की। ...(व्यवधान)... और आप यह करके चले आए ...(व्यवधान)... प्लीज,, प्लीज ...(व्यवधान)... आपने किसी से बात नहीं की। बिना किसी से बात किए हुए आप चार अधिकारी साथ ले गए और उन चार अधिकारियों के साथ बैठकर आपने सौदा कर दिया, उन चार अधिकारियों के साथ बैठकर आपने समझौता लिख दिया। मैं पूछना चाहती हूं कि यह समझौता करने के बाद आपको मिला क्या? आप तो सिक्योरिटी काउंसिल का दावा लेकर गए थे, बहुत उम्मीदें जताकर गए थे कि सिक्योरिटी काउंसिल में आपकी दावेदारी की बात अमरीका मानेगा, लेकिन आपके मुंह पर उसने ''ना'' कर दी। यह ठीक है कि आज से पहले भी कभी अमरीका ने ''हां'' नहीं कही थी, लेकिन ''ना''करने की हिम्मत भी वह नहीं जुटा पाया था वह यही कहता थे- ''देखेंगे, कर रहे हैं, देख रहे हैं, बात करेंगे, आपका दावा तो है, अच्छा है, आप ग्लोबल पावर भी हैं, emerging power भी हैं, हम आपके दावे के बारे में सोच रहे हैं,'' लेकिन आपको तो उन्होंने सीधी-सपाट ''ना'' कर दी और दूसरे देश का नाम भी घोषित कर दिया जिसको सिक्योरिटी काउंसिल के लिए वे समर्थन देने वाले हैं। उन्होंने कहा कि हम तो जापान का साथ देंगे।

डा॰ मनमोहन सिंह, पंजाबी की एक कहावत मैं आपको बताना चाहती हूं-

''दुनिया मनदी जोरा नूं, लख लानत है कमज़ोरा नूं।''

अगर दुनिया झुकती है तो ताकतवर के आगे झुकती है।

PROF. SAIF-UD-DIN SOZ (Jammu and Kashmir): It is unparliamentary because it has a reference. ...*(Interruptions)*...

श्रीमती सुषमा स्वराज: दुनिया ताकतवर के आगे झुकती है, कमज़ोर के आगे नहीं झुकती, कमज़ोर की तो बात भी नहीं मानती।

PROF. SAIF-UD-DIN SOZ: You have quoted wrong words. ...*(Interruptions)*...

श्रीमती सुषमा स्वराज: उपसभापति जी, कहावत पंजाब के गांव-गांव में कही जाती है, वह मैंने कही है, मैंने केवल कहावत कही है। मैं आपको बताना चाहती हूं कि केवल ताकतवर की बात दुनिया सुनती है। अमरीका का ह्यूमन राइट्स में क्या ट्रैक रिकॉर्ड है?

PROF. SAID-UD-DIN SOZ: It should not go on record. ...*(Interruptions)*...

श्रीमती सुषमा स्वराज: उपसभापति जी, मैं इस सदन में खड़े होकर पूछना चाहती हूं कि ईराक और पाकिस्तान में तबाही मचाने के बावजूद अमरीका ह्यूमन राइट्स का पैरोकार बनता है, मानवाधिकारों का पैरोकार बनता है। पाकिस्तान को बेतहाशा हथियारों से लैस करने के बाद, पाकिस्तान निरस्त्रीकरण का पैरोकार बनता disarmament की दुहाई देता है। पाकिस्तान से पींगें बढ़ाने के बाद, वह डेमोक्रेसी की बात करता है, आतंकवाद से लड़ने की बात करता है। तालीबान जैसे भस्मासुर पैदा करने के बाद वह टैररिज्म से लड़ने की बात करता है, लेकिन कौन पूछे उससे? कोई नहीं पूछता, कोई नहीं जान सकता, क्यों?''समरथ को नहिं दोष गुसाईं'' - वह समर्थ है, वह ताकतवर है, तो आप भी कम ताकतवर नहीं हैं। मुझे नहीं मालूम कि पार्टी में आपकी ताकत क्या है, क्या नहीं, वह आप जानें, वह आपकी व्यक्तिगत हैसियत है, लेकिन जब आप एक प्रधानमंत्री के नाते जाते हैं, तो आप 100 करोड़ के देश के प्रधानमंत्री हैं। जब आप जाकर भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं, तो 100 करोड़ से ज्यादा लोग आपके पीछे कतार बांधकर खड़े रहते हैं, आप क्यों कमज़ोर पड़ गए? आप एक ऐसा समझौता करके आए हैं, जो समझौता इतिहास में इस तरह से लिखा जाएगा कि आने वाली पीढ़ियां ''किन्तु'' और ''परन्तु'' करते हुए उलझ जाएंगी, पहले तो आप स्वयं उलझेंगे, जब अमरीका आएगा और जब उनके रिप्रैजेंटेटिव बैठेंगे तो आप कहेंगे - "No I didn't mean this, I meant that. मेरा मतलब यह नहीं था, मेरा मतलब यह था, आपने गलत समझा, हम तो यह कहना चाहते थे।'' जो चीजें आप मानकर आए हैं, आने वाली पीढ़ियों के लिए इसमें से

निकलना मुश्किल हो जाएगा। मैंने कहा कि भयंकर भूल के तौर पर यह दर्ज़ होगा। जब big blunders लिखे जाएंगे, उन big blunders के तौर पर यह दर्ज़ होगा। सरदार मनमोहन सिंह, मैं आपसे कहना चाहती हूं कि अगर आप विश्व में अपनी हैसियत बरकरार रखना चाहते हैं, तो अपनी ताकत, अपनी शक्ति और अपनी सामर्थ्य को बचाकर रखिए। मुझे यह बात कहते हुए गर्व है कि हमने उस सामर्थ्य को जुटाने में बहुत बड़ी भूमिका अदा की है, आप इस सामर्थ्य को बरबाद मत करिए, वरना आने वाली नस्लें केवल आप पर नहीं बल्कि हम पर भी फब्तियां कसेंगी और हमको भी कोसेंगी। बहुत-बहुत धन्यवाद।

SHRIMATI AMBIKA SONI (Punjab): Mr. Deputy Chairman, Sir, I stand up with a sense of pride; I also stand up with a sense of history unfolding itself before our eyes, this particular day and time in India. From a regional power, to a power on the threshold of being a global player, it would make any Indian proud. I stand up to applaud the Indian Prime Minister, Dr. Manmohan Singh for successfully having brought us out from a position of isolation, from a position of boycott on purchase of nuclear fuel to this that on a reciprocal basis, as two equal sovereign powers, India signed a joint communique with the United States of America. Debate is healthy. We are believe that debate is an important ingredient of a mature democracy. But when it degenerates into recrimination, abuse and street rhetoric, then, it only reflects bankruptcy, of political thought and sincerity. Hearing Sushmaji, I was wondering, as a responsible political leader of a political party, the tone she chose to speake on an important issue like Indo-US relations and their evolution. I would not like to take the debate away from the actual content, the impact both on India and the United States of America and if Mrs. Sushma Swaraj chooses not to see that impact and remain confined to the mould of her political environs, she is refusing to hear the voice of those Indians who are wanting to grow out of their small huts, their hovels in suburban areas; those 65 per cent of India's youth who are looking forward to further employment opportunities, who are looking forward to growth with dignity and respect, of being called the proud citizens of a proud country. Acrimony, political posturing, we can all understand, we represent different political points of view. Rancour and recrimination, an attitude of grapes being sour, hardly speaks of one's deeper understanding of international affairs. Though recently, at the release of Mr. Amartya Sen's book by the Prime Minister, he (Amartya Sen) did put before, us, that India's strength is a democracy, but this has been marked by a tradition of argumentation! Now, I cannot call senior BJP leader like Sushma Swaraj just argumentative. But the way she addressed this whole visit of the Indian Prime Minister to the United States of America,

makes me remember an election which took place in Bellary long time ago. When I used to campaign behind Mrs. Sushma Swaraj and used to hear her speeches in Kannada, I was always wondering when Sushmaji had learnt her Kannada. Then I was told by people that she has five speeches readymade which she has learnt by-heart and recites them according to the occasion. Today the way she quoted...*(interruptions)*...

श्री उपसभापति: आप बैठिए।

SHRIMATI AMBIKA SONI: Today the way she was quoting an ex-official of the atomic...

श्रीमती सुषमा स्वराज: आप एक लाइन याद करके सुना दीजिए।

श्रीमती अम्बिका सोनी: मैं तो करती हूं। मेरे पास तो कागज है, मैं पढ़ रही हूं, मैंने खुद लिखा है।

श्रीमती सुषमा स्वराज: पांच लाइन की स्पीच है, आप एक लाइन पढ़ कर सुना दीजिए।

SHRIMATI AMBIKA SONI: Today when she was quoting ad-nauseam an erstwhile person who worked in the Atomic Energy, I could not gather, Mr. Prasad or somebody, one would imagine that he according to his thinking wrote out what she said or we had distributed to the media a backgrounder for media where we took up all the questions raised by Sushmaji here and gave lengthy, factual answers according to what transpired. She has spoken of every point. Maybe, she has a copy of this and this was her base paper. But, this was prepared by the Prime Minister's Office for the media and we circulated that. One-by-one, you did cover all these points. But, if you have this paper, then, you should have the answers from the paper itself. Sushmaji, I would like you to remember that, today, when you address the Prime Minister of India, you are not just addressing Dr. Manmohan Singh. Dr. Manmohan Singh is the proud inheritor of the legacy of the Indian National Congress. You would, propably, not understand how proud all of us feel sitting on this side of the House when we think of Lala Lajpat Rai, when we think of Subhash Chandra Bose, when we think of Maulana Azad and Jawaharlal Nehru when we think of all those stalwarts who gave up their lives for India's freedom. Dr. Manmohan Singh comes from that party. This party's history is replete with sacrifices and martyrdom. You, probably, would not understand that. I don't want to become small and talk of papers of 1942! I will not do that ...*(Interruptions)*... But, let us remember that this party which, today, Dr. Manmohan Singh proudly represents as the Prime Minister of India, is replete with the martyrdoms of Mahatma Gandhi, Indira Gandhi and Rajiv Gandhi. No ...*(Interruptions)*...

श्री उपसभापति: पुंज जी, देखिए अब जब ...(व्यवधान)... मेहरबानी कर के बैठिए। देखिए, debate is going on. वह जब सुनते हैं तो आप को भी उन की बात सुननी चाहिए।

डा॰ छत्रपाल सिंह लोधा (उड़ीसा): यह क्या बात कर रहे हैं, प्रधान मंत्री जी की यात्रा के संबंध में बात करवाइए। ...(व्यवधान)...

SHRI BALBIR K. PUNJ (Uttar Pradesh): What are we discussing here? ...*(Interruptions)*...

श्री उपसभापति: आप यह नहीं कह सकते कि वह क्या बात कर रहे है। आप बैठिए।

श्री सुरेन्द्र लाठ (उड़ीसा): सर, बल्लारी की बात की जा रही है। ...(व्यवधान)...

श्री उपसभापति: आप बैठिए, बीच में interrupt मत कीजिए, सुनिए बस।

SHRIMATI AMBIKA SONI: Sir, this party has never compromised with patriotism ...*(Interruptions)*...

श्री उपसभापति: आप क्या बात कर रहे हैं, जब यहां से आप के नेता बोल रहे थे तो वह सुन रहे थे, अब आप को भी उनको सुनना पड़ेगा।

SHRIMATI AMBIKA SONI: This Indian National Congress has never compromised with communalism. This party, the Indian National Congress, has always given its life, its leaders have given their lives, for the prestige of the INC and the Flag of India.

SHRI C. RAMACHANDRAIAH (Andhra Pradesh): How is it related to the Prime Minister's US visit? ...*(Interruptions)*... What is she speaking? ...*(Interruptions)*...

SHRIMATI AMBIKA SONI: Are you, therefore, saying, as you said ...*(Interruptions)*... In a Parliamentary democracy you said ...*(Interruptions)*... You know, you are shouting only to say that I am hurting and it was my intention to hurt you for having said that what Dr. Manmohan Singh said in both the Houses of Parliament in his statement about his trip was not based on facts. You wanted to say that it was not the truth. I want to tell you that this party does not compromise with national prestige. That is not our history. If you find yourself comfortable in those surroundings, you better answer it to yourself. Sir, Mrs. Sushma Swaraj, as I said, has raised several issues which I am not really going to reply to and I do not want to be repetitive by answering them that it is a reciprocal statement signed. This visit was to sensitise American opinion as the Prime Minister said on the changes which have taken place in Indian since 1991. I do not even want to repeat at length the impact, the priority given to our effort to globalise our combating terrorism not selectively or in segmentation but globalising it. I do not want to mention that we have never compromised

with terrorism. We have never gone to Kandhar taking terrorists. That is not our record. I also want to say that Sushma Swaraji was trying to tell us that nuclear deterrent is a very relative term. Thank you for telling us. We would not have known! When we are sensitising American opinion on changes which have occurred since 1991 to date then we also know that the world is moving on. But, I read an article just a couple of days ago. That article had in it a few facts and figures, which I might like to repeat. They talk of the Hiroshima bomb which was dropped, that it was 15 kilo tonnes and could destroy 1.8 to 4.8 million people. According to whatever is public knowledge about India's nuclear capacity, we have a capacity -- God forbid, it should never arise -- to, probably, put an end to the lives of 300 million to 800 million people. Now, if that is not a deterrent, then, I do not know what could be a further increase in this. But Sushmaji dwelt at a great length on this. And, I would like to say that there are three kinds of people in this country — a small minority, articulate, vocal — which feel that they don't need a deterrent at all. But their voice is still not heard. There is another minority of our population that feels that deterrence and arsenals should be increased, and the world only respects those who have nuclear warheads! Sushmaji just said that herself. But a large majority of the population of India, while feeling extremely proud about India's nuclear capacity, about the deterrent we may have, wants to go on with life and wants the development to go on. These are people who have to be heard. It is hearing these people that Dr. Manmohan Singh had other items on the agenda of his visit also. The items of the agenda were: Our knowledge and services in information technology, agricultural cooperation, captains of business and industry from the United States of America and India forming forum, addressing the Joint Session of Congress, and putting the case of India for membership of UNSC loudly and clearly before them. She was reminding us that India is one billion people. Dr. Manmohan Singh, while addressing the Joint Session of Congress, said, "India represents one billion people, and the world cannot afford not to hear them in international fora." And, they applauded his statement. So, you don't need to remind India's Prime Minister today that he has the mandate but he hears the voice of only a few. He is working for all those people who are looking forward to development; want money and resources to be diverted to progress, to infrastructure, and other such needs which Indians feel will make them have a level-playing field. Sushmaji also said that we have lost more than what we have gained. I don't know which statement she read because, obviously, we are reading different statements. I have, before me, the statement that the Prime Minister made in the House. I read and

heard what the Prime Minister said in the Lok Sabha yesterday. And, she was saying that we have only agreed to do, we have only accepted the role of an obedient slave, while the others are only making promises. I read newspapers yesterday and today. I read articles written by Americans, as she is fond of quoting them, that the US Administration has already begun moving in the direction of what they have talked of with the Indian Prime Minister and his delegation. They have already taken off several organizations, from the Entities list, which were till now barred from trading and importing technology. So, they have begun with it. It is a difficult job. It is not an easy job to get the US Congress to change and dismantle the entire NPT set-up. As I understand, as a layperson, it is only the commitment to treat India as an important player in global affairs, recognizing the role India has played in the recent years that they are willing to take on what many people feel will be difficult task. But I trust the Prime Minister of India. I believe in what he has said. He would not misguide this House when he says that all this is reciprocal, mutual and to be reviewed. If the United States is not able to come up to what they have promised, we are absolutely within our right to go back and to withdraw from any of the commitments we have given. That is in sum and substance what he has assured us, and there is no reason to disbelieve. Let time unfold how this exercise will work. You talk of having given up the pride of India, having taken up a subservient role. I don't know what was the reason for the BJP, to field Sushmaji today instead of Jaswant Singhji, or Yashwant Sinhaji. Maybe, they all would have thought that we are going to use this book of Strobe Talbot extensively. So, they didn't put either of them up, but I don't want to go into all that. I would like to talk of how many leaders of the NDA, while on a visit to the United States of America, were able to stand up and loudly state for the entire USA audience to hear that what happened in Iraq should not have happened, and what happened in Iraq should never happen again. That was what Dr. Manmohan Singh, the Prime Minister of India, spoke categorically. It was the Prime Minister, who was never engaged by the U.S. Administration in any discussion on Iran-Pak-India Gas pipeline, but spoke in answer to a correspondent's query that this agreement was between sovereign nations; no other nation has a right to interfere. You talk of him having taken up a subservient role? I would not like to remind at whose behest an Indian Airlines plane went to Kandhar and compromised the lives of those who have been the victims of those known terrorists, whom you escorted out of the boundaries of this country ... *(Interruptions)*... I do not want to go into the details of this book, but thanks to the Foreign Minister, I read it and the areas are marked, where we gave categorical

assurances to sign the CTBT without getting anything in return. You are talking that they have given us promissory notes and we are going to fulfil our part of the commitment as an obedient servant. I don't know why, Sushmaji. You are a very enlightened leader. Many of us, even on this side of the House, at least, I can speak for myself, appreciate your rhetoric, I appreciate your play of words in the Hindi language. It is incomparable, but don't use that power which God has given you to totally distort the Indo-US joint communique! Half the time I didn't know what you were talking about. I was trying my best to take the notes, but I just didn't know where to stop and what to do because it didn't conform with all the reading I had done and all the preparations I had tried to, because I didn't know whether we were going to speak at the same wavelength. Let me just tell you that you laughed and ridiculed the Convention on Terrorism. You said that the UN is being mistaken for the US. We have been trying for a very long time to impress upon the western world that India has suffered at the hands of terrorists and combating terrorism is as important to us as 9/11 was to the United States of America. It is with pride and some satisfaction as a political activist that, today, we have got one of the big powers of the western world to agree and to make a joint priority commitment that to combat terrorism will be a global endeavour without any selectivity or segmentation. This is what we have to appreciate. I am not going to take much time. My other colleagues have their own points of view to make. I would only like to conclude by saying that in the field of agriculture, in the field of science and technology for growth, in the field for economic cooperation, in the field for nuclear energy import by India after such a long time, we are laying the foundation of an India, which, no doubt, you and me, we all would like to see, an India which we would leave for the next generation as a much better place that we were able to make it for ourselves. It is not the foundation which is going to doom us, it is a foundation for close cooperation internationally, with India as a global player which we have to look forward to. We have been all nurtured in a struggle for freedom which was long and arduous, and right across the country, young people gave up their lives. They saw a dream. It was also a dream which was seen by Rajiv Gandhi when he wanted to see India proud, developed and an international player. It is that dream of the freedom fighters, it is that dream of those who gave up their lives for a better India that Dr. Manmohan Singh has chosen to put it into reality.

Let us wish him well; have the broadness of spirit. Foreign Policy debates have always been a part of national consensus. It is very

unfortunate that today you reduced it to partisan polemics. I am sure, the other speakers from your side would raise again to the heights which we have been used to in the past. Thank you very much.

SHRI NILOTPAL BASU (West Bengal): Mr. Deputy Chairman, Sir, we are discussing a very, very important statement because this brings in many elements which pertain not only to the nuclear policy of the country but also to our general foreign policy, to our defence policy and, more particularly, to issues which relate us to the outside world.

Now, I cannot share the surprise of Ambikaji at the manner in which Sushmaji has initiated the discussion. Because I have been, as a student of politics, following for the last couple of months what has been internally happening within the BJP, a party which itself finds difficulty in defending the position of its own President and have to accept diktat from extraneous organisations, of course, "socio-cultural", and the kind of politics that particular " socio-cultural" entity is known for in the history of this country, I think, can only produce the kind of statements and rhetoric that we have seen and we have been witness to in this House. Therefore, I was not at all surprised. But, I think, at the outset, it is incumbent on me to decisively demarcate the Left Forces in this country, particluarly, the Communist party of India (Marxists) in the attempt that she made of co-opting us in the opposition of the Government. I will come to our clear-cut views on this. But we are not for nuclear-stockpilling and the kind of jingoism that we have witnessed in the House today. I will come definitely to the reservations we have on some of the issues that are obtained in the statement of the hon. Prime Minister. But, Sir, through you, I would like to reassure the entire House, that we thoroughly distance ourselves from the kind of criticism that has been made against the statement and the sequence of developments, which led to the issuing of the kind of statement that the hon. Prime Minister has made. And I think the BJP is the last party to raise all these questions. I was really surprised at the level of misinformation. For instance, reference was made about a Cabinet meeting. I would like to know, when Pokhran-II happened, how many Cabinet meetings took place? How meetings of the Cabinet Committee on Security took place? On the contrary, there was a commitment in the BJP election manifesto that they would undertake a strategic review before they use the nuclear option.

There have been references to a national consensus. If anybody has broken national consensus on strategic nuclear issues in this country, it is the BJP. Never before did we have to face the predicament of the national

consensus being broken. And I was amazed at this whole logic of 'lathi' *versus* 'lathi', gun *versus* revolver. It reminds me of a term used in the nuclear strategic discourse, 'mutually assured destruction'. The acronym was used more in the days of cold War, which stands for 'madness'. It is sheer madness to think that the stock-piling, or nuclear weaponisation, of a particular country, has to be matched by equally lethal stock-piling of nuclear arms. So, I think that was a self-destructive course and a self-destructive argument that was being prusued. But what is our objection to this?

First of all, when I read the statement very carefully, I find that the compelling argument given by the hon. Prime Minister for entering into this nuclear deal is the search for an alternative source of energy. Now, I would like to know this from the hon. Prime Minister — did we have a national debate in the country on what should be the appropriate energy-mix in this country? Since when was there a sudden recognition of nuclear energy as a major source of alternative energy? Has there been any financial accounting, and is nuclear energy the most viable form of energy? I ask this because there are several new technologies developed today in the world with regard to alternative sources of energy. One of the major new technologies is the coal gas; another major source of energy is the hydel power.

There may be those who have read the whole question of energy sciences with a little avidity. In our training for engineering, we had some courses. I feel ashamed to say that the major impediment is the principal cost involved in developing nuclear energy. Therefore, I think, it would have been better had the nation been witness to a proper, structured, discussion and debate on what should be the apropriate energy mix. If the need for nuclear energy is such an important issue, which has led to this argument, I think, to that extent, there is a certain level of lack of transparency in this exercise. But, I think we support the Government of Dr. Manmohan Singh. We support this Government because we want to differentiate fundamentally from the manner in which this Government would approach the whole question of international agreements, bilateral agreements from the earlier NDA regime. Shrimati Ambika Soni was referring to the book. Now, all of us know what kind of secret parleys were happening. So, I understand there are certain classified aspects involved in such an agreement, but, at the same time, there are several aspects of elements in this agreement which can be declassified and which could have been discussed before reaching this agreement. In that sense, the spirit of the

National Common Minimum Programme that we will try to be as transparent as possible in our governance could have been maintained. I think, the kind of confusion that had been created in certain sections of public mind could have been avoided.

